नव भारत

## गणेश चतुर्थी पर शुभ मुहूर्त

**उज्जैन.** श्री मांतगी ज्योतिष ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास के अनुसार 27 अगस्त चतुर्थी तिथि बुधवार का दिन जो स्वयं गणेश जी का दिन है, इस दिन घर अंगना मन के मंडपम में मंगलमूर्ति गणपति बप्पा का मध्याह्न में श्रेष्ठ मुहूर्त 12/36 से 01.00 के 24 मिनिट में होगा युवराज का प्राकट्य. पूजा प्रारंभ का शुभ मुहूर्त सुबह 11:04 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक रहेगा.

## एक नजर में



### शांति चाहिए तो युद्ध के लिए रहें तैयार : सीडीएस

**नयी दिल्ली.** देश के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को भविष्य के युद्धों में विजय सुनिश्चित करने के लिए सभी क्षेत्रों में त्वरित और निर्णायक ढंग से संयुक्त प्रतिक्रिया देने का आह्वान किया. जनरल चौहान मध्यप्रदेश के डॉ. अंबेडकर नगर स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में डॉ. अंबेडकर नगर स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में युद्ध पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव विषय पर युद्ध, युद्धकला और युद्ध संचालन पर पर अपनी तरह के पहली दो दिवसीय संगोष्ठी में बोल रहे थे. उन्होंने परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए संयुक्त प्रशिक्षण को संस्थागत बनाने, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर और क्वांटम जैसी निरंतर विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया.

# स्वदेशी युद्धपोतों की ताकत

## उदयगिरि और हिमगिरि आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर : राजनाथ

**नयी दिल्ली, 26 अगस्त (वार्ता). रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना को देश की समुद्री ताकत का प्रतीक बताते हुए कहा है कि भारत आक्रामक विस्तारवाद में विश्वास नहीं करता लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि देश हमारा नुकसान करने वालों के सामने झुक जायेगा.**




सिंह ने मंगलवार को विशाखापत्तनम में दो स्वदेशी अत्याधुनिक युद्धपोतों आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि को नौसेना के बेड़े में शामिल किये जाने के मौके पर कहा कि नौसेना भारत की समुद्री शक्ति का प्रतीक है क्योंकि यह अरब सागर से लेकर मध्य पूर्व और पूर्वी अफ्रीकी समुद्र तट तक देश के हितों की रक्षा कर रही है. उन्होंने कहा, भू-रणनीतिक स्थिति ऐसी है कि यह हमारे आर्थिक विकास को सीधे प्रभावित करने की क्षमता रखती है. हमारी ऊर्जा आवश्यकताएँ, तेल और प्राकृतिक गैस काफी हद तक इस क्षेत्र की सुरक्षा पर निर्भर करती हैं. हमारी नौसेना हमारी राष्ट्रीय आर्थिक सुरक्षा का एक प्रमुख स्तंभ बनकर उभरी है.

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय नौसेना की त्वरित योजना और क्रियान्वयन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, दुश्मन हमारी नौसेना की ताकत और और उसकी क्षमताओं को समझते हैं. उन्होंने ऑपरेशन के दौरान तीनों सेनाओं और अन्य सुरक्षा एजेंसियों तथा विभागों के बीच सहज तालमेल को इस बात का प्रमाण बताया कि राष्ट्र हर चुनौती का सामना एकजुट होकर करता है और उसका प्रभावी ढंग से सामना करता है.

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत विस्तारवाद में विश्वास नहीं करता लेकिन दुश्मन को जवाब देना भलीभांति जानता है.

## भारत को तलाशने होंगे नये बाजार

**नयी दिल्ली, 26 अगस्त (वार्ता).** भारतीय उत्पादों पर बुधवार से अमेरिका में आयात शुल्क और 25 प्रतिशत बढ़ाने के लिए नोटिस जारी कर दिया गया है जिसका असर इलेक्ट्रिक मशीनरी और कल-पुर्जों, सिले-सिलाये परिधान, हीरा और रसायन जैसे क्षेत्रों पर सबसे अधिक देखने को मिलेगा. अमेरिकी प्रशासन ने 27 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क के लिए सोमवार को नोटिस जारी कर दिया. यह अगस्त महीने की शुरुआत में लगाये गये 25 प्रतिशत आयात शुल्क के अलावा है.




भारतीय नौसेना के जहाज उदयगिरि और हिमगिरि नौसेना में शामिल

# चुनाव आयोग ने जनता से पूछे पांच सवाल

**पटना, 26 अगस्त. बिहार में मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा (एसआईआर) पर उठ रहे सवालों और सियासी बवाल के बीच चुनाव आयोग ने अब जनता की अदालत का दरवाज़ा खटखटाया है.**

आयोग ने मंगलवार को हर नागरिक से पांच अहम सवाल पूछते हुए मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने में सहयोग मांगा है. आयोग ने कहा है कि अगर लोगों का जवाब हाँ है, तो उन्हें इस कठिन कार्य में योगदान देना चाहिए ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित हो सकें.

**पांच सवाल इस प्रकार हैं**

1. क्या मतदाता सूची की गहन जाँच होनी चाहिए या नहीं?
2. क्या दिवंगत लोगों के नाम हटाए जाने चाहिए या नहीं?
3. अगर किसी का नाम सूची में दो या अधिक जगह दर्ज है, तो क्या उसे केवल एक ही स्थान पर रखा जाना चाहिए या नहीं?
4. क्या उन लोगों के नाम हटाए जाने चाहिए जो दूसरी जगह चले गए हैं?
5. क्या विदेशियों के नाम सूची से हटाए जाने चाहिए या नहीं?

# 100 देशों में निर्यात होंगे इलेक्ट्रिक वाहन

## बोले मोदी- 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग

**अहमदाबाद, 26 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां कहा कि भारत में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहन 100 देशों में निर्यात किये जायेंगे, साथ ही देश में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड उत्पादन भी शुरू होगा.**



मोदी ने गुजरात में अहमदाबाद जिले के हांसलपुर में सुजुकी की 'ई-विटारा' इलेक्ट्रिक कार का अनावरण, ग्रीन मोबिलिटी पहल का उद्घाटन किया और कहा कि गणेशोत्सव की उत्सव भावना के बीच मेक इन इंडिया यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ रहा है. आज से भारत में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहन 100 देशों में निर्यात किये जायेंगे. साथ ही घोषणा की कि देश में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड उत्पादन भी शुरू होगा. प्रधानमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि गणेश चतुर्थी के उत्सव के बीच, भारत की 'मेक इन इंडिया' यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ रहा है. उन्होंने कहा कि यह 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' के साझा लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है.

# बिजली कंपनियों में 51 हजार से अधिक नये पद भरे जाएंगे

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 26 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की बिजली कंपनियों में 51 हजार से अधिक नए पद भरे जाएंगे. इससे बिजली कम्पनियों की स्थिति मजबूत होगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव 6 विद्युत कंपनियों के नवनियुक्त 1060 कार्मिकों को नियुक्त-पत्र वितरण और अभिनंदन समारोह को रवीन्द्र भवन में संबोधित कर रहे थे.**



इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली की मेट्रो ट्रेन मध्यप्रदेश की बिजली से चल रही है. अब इस तरह की योजना बनाई जा रही है कि वर्ष 2047 तक बिजली की कोई कमी नहीं होगी, प्रदेश ऊर्जा क्षेत्र में सरप्लस रहेगा. उन्होंने कहा कि किसान भाइयों को लगभग 20 हजार 267 करोड़ रुपए की सब्सिडी इस वर्ष दी जा रही है. प्रदेश के एक करोड़ से अधिक परिवारों को बिजली विभाग ने 6445 करोड़ रुपए की सब्सिडी प्रदान की है. प्रदेश में बिजली तैयार करने के लिए हर उपलब्ध संसाधन का उपयोग किया जा रहा है. पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है. सांची को प्रदेश की पहली सोलर सिटी बनाया गया है. राज्य के 32 लाख किसानों को सोलर पंप प्रदान किए जा रहे हैं. प्रदेश में उत्पादित क्लीन एनर्जी से बिजली, उद्योग का रूप ले रही है.

